दिनांक 07.07.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के आदेशानुसार निगम क्षेत्र में नाली के उपर किये गये अवैध कब्जा हटाये जाने के संबंध में जोन आयुक्तों को स्पष्ट दिशा निर्देश दिया गया था कि निगम जनदर्शन, आयुक्त कार्यालय, जोन कार्यालय या अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायत आवेदन पत्र पर मौके का निरीक्षण कर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा की गई कार्यवाही से मुझे अवगत करावें।

निगम आयुक्त श्री चौहान के निर्देशानुसार आज जोन 01 नेहरु नगर कार्यालय के अंतर्गत वार्ड 04 राधिका नगर में न्यू कृष्णा नगर शासकीय स्कूल के सामने मुख्य नाली की तली से सफाई राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के द्वारा किया गया, साथ ही नाली के उपर कच्चे–पक्के स्लैब निर्माण कर अतिक्रमण को भी हटाया गया और निकासी की व्यवस्था की गई।`

जन सम्पर्क अधिकारी